हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 21 अक्टूबर 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 नगर में उत्साह के साथ मनाया दशहरा पर्व, रावण का हुआ दहन



05 भक्तों ने नम आंखों से दी मां दुर्गा को विदाई कैथन डेम पर हुआ...



खबर संक्षेप

राज्य कर्मचारी संघ ने पुष्पवर्षा से किया स्वागत



विदिशा। विजयादशमी पर मंगलवार को मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ की तहसील शाखा विदिशा ने नर्मदा बस्ती के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पथ संचलन का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान स्वयंसेवकों का अभिनंदन कर राष्ट्रसेवा के प्रति सम्मान व्यक्त किया गया। विपुल शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य कर्मचारी संघ ने संघ के द्वारा निकाले गए पथ संचलन का स्वागत किया। कर्मचारी संघ राष्ट्रहित, प्रदेशहित और कर्मचारी हित के संकल्प के साथ कार्य करता है। कार्यक्रम में भगत सिंह राजावत, शिवराम शर्मा, विमलेश सक्सेना, लोकेश श्रीवास्तव, कमलेश दुबे, विपुल शर्मा, शिवप्रसाद विश्वकर्मा, बृजमोहन शर्मा, प्रमेंद्र रघुवंशी सहित संघ के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

पुलिस लाइन में पुलिस स्मृति दिवस आज मनाएंगे

विदिशा। रामद्वारा स्थित पुलिस लाइन में आज बुधवार को पुलिस स्मृति दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कर्तव्य का पालन करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर पुलिसकर्मियों को सुबह 8.50 बजे याद कर उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारी व जवान शामिल होंगे।

वार्डों में तेजी से चल रहा सीसी निर्माण

विदिशा। लंबे समय से खराब सड़कों के कारण परेशानी झेल रहे शहर के लोगों को अब जल्द ही राहत मिलने वाली है। शहर के विभिन्न वार्डों में सड़कों का निर्माण तेजी से चल रहा है। हर वार्ड में कहीं न कहीं सड़क डाली जा रही है। बारिश खत्म होने के बाद अब शहर के लोगों को बाजार की मुख्य सड़क के निर्माण की उम्मीद भी जग गई है। शहर की सबसे खराब सड़क पूरनपुरा गली नंबर पांच की है। जहां से प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग निकलते हैं। वहीं सैकड़ों वाहन चलते हैं, लेकिन इस सड़क का निर्माण कार्य अब तक शुरू नहीं हो सका है।

दोपहर से शुरू हुआ दुर्गा विसर्जन का सिलसिला, रातभर निकला चल समारोह

दुर्गा उत्सव के समापन पर झांकी पंडालों में दिनभर भंडारे और कन्या भोजन चलते रहे दोपहर बाद से शहर में झांकियों के निकलने का सिलसिला शुरू हो गया था। देर शाम से शहर के मुख्य मार्ग से चल समारोह शुरू हुआ।







घाटों पर सुरक्षा के लिए किए गए इंतजाम

दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए बेतवा के विभिन्न घाटों पर सुरक्षा के इंतजाम किए गए थे। बड़ी प्रतिमाओं का विसर्जन रामलीला स्थित जानकी कुंड में किया गया। इसके अलावा अन्य घाटों पर भी श्रद्धालुओं ने प्रतिमाओं का विसर्जन किया। रात में हुए हवन के बाद मंगलवार सुबह से झांकी पंडालों में कन्या भोजन और भंडारों का आयोजन किया गया। बेतवा के बढ़वाले घाट पर होमगार्ड जवान सहित पुलिस बल तैनात रहा। घाट पर रोशनी के लिए लाइट भी लगाई गई। रात में भी कई प्रतिमाएं विसर्जन के लिए पहुंचीं। सुरक्षा की दृष्टी से नदी में नाव को भी तैनात किया गया। हामगार्ड जवान हर गतिविधि पर नजर रखे हुए थे। वहीं पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद दिखाई दिया।

शाम के समय पेढ़ी चौराहे से निकला विजय दशमी का जुलूस

श्रीराम के जयकारों से गूंजा दशहरा मैदान रंगीन आतिशबाजी से जगमगाया आसमान



हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

मंगलवार को विजयादशमी का पर्व शहर में उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। मुख्य समारोह शाम 7 बजे के बाद जैन कॉलेज स्थित दशहरा मैदान में शुरू हुआ। चल समारोह से पहले विजयादशमी का पारंपरिक जुलूस रामलीला मेला समिति के प्रधान संचालक के निवास से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए जैन कॉलेज पहुंचा।

पेढ़ी चौराह पर राजपूत समाज का जुलूस शामिल हुआ। राजा अनिरुद्धसिंह के नेतृत्व में अंदर किला हाथी हवेली से राजपूत सरदारों द्वारा दशहरा उत्सव का जुलूस निकाला गया। जैन कॉलेज दशहरा मैदान पहुंचकर जुलूस का समापन हुआ। जहां राम और रावण के बीच युद्ध हुआ। यह दृश्य देखने के लिए शहर से बड़ी संख्या में लोग वहां पहुचे। पंडित मनोज शास्त्री ने राम और रावण के बीच चलने वाले युद्ध का संवाद प्रस्तुत किया। युद्ध में भगवान राम की विजय होने पर राजपूत सरदारों द्वारा शमी पूजन किया गया। इसके पहले दशहरा मैदान पर आतिशबाजी का शानदार प्रदर्शन होगा। राधौगढ़ के प्रदीप मेर, भोपाल के सुरेश साहू और विदिशा के अग्रवाल इंटरप्राईजेज के बीच आतिशबाजी का मुकाबला होगा। मार्गों पर 50 हाई क्वालिटी कैमरे अलग से लगाए गए थे। जबकि 183 कैमरे पहले से लगे थे। 350 से अधिक पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों और 300 जवानों की तैनाती की गई। हिंदू उत्सव समिति ने पुराने जिला अस्पताल के सामने झांकियों की जांच के लिए विशेष चेकिंग पॉइंट बनाए।



विदिशा। रामलीला मेला समिति के पदाधिकारियों द्वारा पेढ़ी चौराह से जैन कॉलेज तक जुलूस निकाला गया।



विदिशा। हाथी वाली हवेली से निकले राजपूत सरदार।



विदिशा। रथ में सवार होकर निकले भगवान श्रीराम।

35 फीट ऊंचा रावण का पुतला जलाया गया

जैन कॉलेज ग्राउंड में राम-रावण युद्ध के मंचन के बाद 35 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। इससे पहले जोरदार आतिशबाजी का मुकाबला देखने को मिला। करीब एक घंटे तक रंगीन आतिशबाजी की गई। इसके बाद भगवान राम ने रावण की नाभि में तीर मारकर उसका अंत किया।

शाम से शुरू हुआ चल समारोह, रातभर चला

झांकियों की नंबरिंग और संचालन नियंत्रित किया गया। देर शाम से शहर के मुख्य मार्गों पर महाकाली और मां दुर्गा की प्रतिमाओं का चल समारोह शुरू हुआ। चल समारोह में 150 से अधिक झांकियां शामिल हुईं। श्रद्धालुओं के लिए 6 स्थानों पर मंच बनाकर निःशुल्क भोजन और अल्पाहार की व्यवस्था की गई। सुरक्षा के लिए पुलिस-प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए। मार्गों और संवेदनशील इलाकों में सीसीटीवी कैमरों के साथ ड्रोन और वीडियोग्राफी टीमों से निगरानी की गई। चल समारोह को लेकर शहर में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। नशे की हालत में मुख्य मार्गों पर घूम रहे संदिग्धों को भी पुलिस ने दबोचा। वहीं एसपी रोहित काशवानी भी जानकारी लेते रहे।

पुलिस लाइन में कलेक्टर व एसपी ने की शस्त्र पूजन



विदिशा। पुलिस लाइन में कलेक्टर एसपी सहित जनप्रतिनिधियों ने किया पूजन।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

मंगलवार को पुलिस लाइन में विजयादशमी पर शस्त्र पूजन किया गया। यहां आजादी से पहले के पुराने हथियारों से लेकर आधुनिक शेल लॉन्चर तक की पूजा हुई।

हवन के बाद पुलिस वाहनों का भी पूजन किया गया। इस कार्यक्रम में विधायक मुकेश टंडन, जिला पंचायत अध्यक्ष गीता रघुवंशी, कलेक्टर अंशुल गुप्ता, एसपी रोहित काशवानी, डीएफओ हेमंत यादव सहित अधिकारी शामिल हुए। एसपी ने बताया कि विदिशा पुलिस के शस्त्रागार में आजादी से पहले के हथियार हैं। हाल ही में आधुनिक शेल लॉन्चर भी आया है। विजयादशमी पर पुराने और आधुनिक दोनों तरह के हथियारों का पूजन किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस लाइन के अलावा जिले के दूसरे पुलिस अनुभागों में भी शस्त्र पूजन के कार्यक्रम हुए। इनमें पुलिस अधिकारी, कर्मचारी और जनप्रतिनिधि शामिल हुए। दशहरे पर शस्त्र पूजन को शक्ति, साहस और कर्तव्यनिष्ठा का प्रतीक माना जाता है।

दशहरे पर आबकारी विभाग की दबिश, 2 मकानों से शराब जब्त

कागदीपुर व न्यू अरिहंत विहार स्थित नरेंद्र राजपूत के मकानों से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब जब्त हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

दशहरा पर्व पर अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ आबकारी विभाग ने कार्रवाई करते हुए शहर के दो मकानों से भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त की है। विभाग की दो टीमों ने मुखबिर की सूचना पर कागदीपुर और न्यू अरिहंत विहार कॉलोनी में नरेंद्र राजपूत (बाबा) के मकानों पर दबिश दी। इससे पूर्व भी नरेंद्र बाबा को आबकारी पुलिस ने अवैध शराब के साथ पकड़ा था। सूत्र बताते हैं कि आरोपी का वाहन शराब ठेकेदार के यहां शराब को एक दुकान से दूसरी दुकान तक पहुंचाने के काम में लगा हुआ है। उसी की आड़ में आरोपी द्वारा शराब की तस्करी की जा रही थी।

11 सदस्यीय अमले ने की कार्रवाई

कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक पीएस ठाकुर, संजय इवने और रविशंकर धाकड़ सहित विभागीय अमले की भूमिका रही। विभाग ने स्पष्ट किया है कि त्योहारों के दौरान अवैध शराब के निर्माण, भंडारण और बिक्री के विरुद्ध कार्रवाई जारी रहेगी। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश और जिला आबकारी अधिकारी विकास त्रिपाठी के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। विभाग ने त्योहार के दौरान अवैध शराब के भंडारण, परिवहन और बिक्री पर नजर रखने के लिए टीमें गठित की थीं।

कागदीपुर में 66 लीटर शराब मिली

वार्ड 24 कागदीपुर स्थित मकान की तलाशी में पृथ्वी सिंह राजपूत (22) के कब्जे से 200 पाव गोवा व्हिस्की, ऑफिसर्स च्वाइस की 36 बोतल और रॉयल स्टैग की 4 बोतल बरामद हुईं। शराब की कुल मात्रा 66 बल्क लीटर आंकी गई। आबकारी टीम ने न्यू अरिहंत विहार कॉलोनी स्थित एक अन्य मकान में भी तलाशी ली। यहां हेमराज राजपूत उर्फ (नरेंद्र बाबा) के कब्जे से गोवा अंग्रेजी शराब के 58 पाव मिले। इस मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 34(1)(क) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

गायत्री शक्तिपीठ और प्रज्ञा पीठ पर 9 दिवसीय साधना का समापन हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

राजीव नगर स्थित गायत्री शक्तिपीठ और स्वर्णकार कॉलोनी स्थित गायत्री प्रज्ञा पीठ पर नौ दिवसीय साधना अनुष्ठान का समापन पूर्णाहुति और भंडारे के साथ हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यज्ञ में आहुतियां अर्पित कर विश्व कल्याण, सुख-समृद्धि और शांति की कामना की गई। नौ दिनों तक साधकों ने गायत्री मंत्र का जप और ध्यान किया। समापन अवसर पर भजन-कीर्तन और विभिन्न संस्कारों का आयोजन भी हुआ। पूर्णाहुति के बाद श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसादी ग्रहण की। आयोजन में बड़ी संख्या में गायत्री परिजनों और श्रद्धालुओं ने सहभागिता की।



गायत्री मंदिर में हुआ कार्यक्रम

पिंड भरते एसपी ऑफिस पहुंचे मां-बेटे

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जमीन विवाद को लेकर ग्यारसपुर तहसील के फुर्तला गांव की महिला अपने बेटे के साथ न्याय मांगने एसपी कार्यालय पहुंची। महिला पेट्रोल से भरी बोतल लेकर जा रही थी। मां-बेटे पिंड भरते हुए चल रहे थे। सूचना पर कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बोतल ले ली।

पुलिस मां-बेटे को कोतवाली थाने ले गई। ग्यारसपुर की शारदा बाई पति आशाराम मैना का आरोप है कि जमीन के पैसों को लेकर उनके भाई मनोज मीणा से विवाद है। शारदा बाई का आरोप है कि भाई ने खेत में धान की सिंचाई में लगाए 127 पाइप काट दिए। बोरवेल को ईंट-मिट्टी से पाट दिया। दो पानी की मोटर भी ले गए। विरोध करने पर बेटों के साथ मारपीट की गई।



विदिशा। पेट्रोल से भरी बोतल साथ लेकर पहुंचे। भाई पर पाइप काटने और मोटर ले जाने का आरोप, पुलिस से न्याय की गुहार।

प्रांत शारीरिक शिक्षण प्रमुख ने राष्ट्रसेवा के विषय पर संबोधन दिया

विजयादशमी पर तीन स्थानों से घोष की धुन पर निकले पथ संचलन, जगह-जगह पुष्पवर्षा कर किया गया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

विजयादशमी के मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने रविवार को शहर में तीन पथ संचलन निकाले।

नर्मदा बस्ती, बंटीनगर और गुरु गोविंद बस्ती के स्वयंसेवक पूरे गणवेश में घोष की धुन पर अनुशासन के साथ कदमताल करते हुए शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरे। जगह-जगह लोगों ने स्वयंसेवकों पर फूल बरसाकर स्वागत कर भारत माता की जय के नारे लगाए। नर्मदा बस्ती का पथ संचलन मुखर्जीनगर स्थित भगतसिंह पार्क से शुरू हुआ। यहां प्रांत शारीरिक शिक्षण प्रमुख कृपाण सिंह ने राष्ट्रसेवा के विषय पर संबोधित किया। कार्यक्रम में जिला सह संघचालक रामकिशोर अग्रवाल और सुनील पलोड़ भी मौजूद रहे। बंटीनगर का पथ संचलन पार्वतीपुरम पार्क से शुरू हुआ। इस दौरान तरुण ताम्रकार ने संघ के कार्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में डॉ. पवन जैन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

गुरु गोविंद बस्ती का पथ संचलन गल्ला मंडी से शुरू होकर बरईपुरा, बजरिया, बड़ा बाजार समेत शहर के कई इलाकों से गुजरा। तीनों संचलनों के दौरान महिलाओं और युवाओं ने जगह-जगह स्वयंसेवकों पर फूल बरसाकर स्वागत किया। कार्यक्रम के माध्यम से राष्ट्रसेवा, अनुशासन और समाज में आपसी सद्भाव बनाए रखने का संदेश दिया गया।



विदिशा। नगर के मुख्य मार्गों से निकाला पथ संचलन।

तीसरी नातिन के जन्म पर अस्पताल में बांटी मिठाई और फल, बेटी के जन्म पर दिया समानता का संदेश

बेटा-बेटी समान का संदेश देकर परिजनों ने वितरित किए फल

हरिभूमि न्यूज ⏭ग्यारसपुर

नवरात्रि की नवमी पर घर में बिटिया के जन्म से ओलिंजा के जनपद सदस्य मनीराम कुशवाह के परिवार में खुशियों का माहौल छा गया। परिवार में तीसरी नातिन के जन्म की खुशी में उन्होंने ग्यारसपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती मरीजों, उनके परिजनों और ग्रामीणों को मिठाई व फल वितरित किए।



ग्यारसपुर। अस्पताल में बजवाए गए ढोल।

मनीराम कुशवाह की बहू ने तीसरी बेटी को जन्म दिया। परिवार ने नवमी के शुभ दिन हुए जन्म को माता रानी और मां सिद्धिदात्री का आशीर्वाद माना। मनीराम ने बताया कि पूर्व में परिवार में हुए एक हादसे के कारण नवमी की पूजा बंद हो गई थी। अब बिटिया के जन्म से परिवार में दोबारा पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना शुरू करने की खुशी है। उन्होंने समाज को संदेश देते हुए कहा कि बेटा और बेटी में कोई अंतर नहीं है। दोनों को समान प्यार, सम्मान और अवसर मिलने चाहिए। बेटियां लक्ष्मी का स्वरूप हैं और उनके आगमन से घर में सुख-समृद्धि आती है।

खबर संक्षेप

दशहरे पर डायलिसिस मशीनों की पूजन-अर्चन



गंजबासौदा। विजयादशमी के पावन पर्व पर शहर में सेवा का अनूठा उदाहरण देखने को मिला। चेतना सेवा समिति द्वारा संचालित डायलिसिस सेंटर के अध्यक्ष कंछेदी लाल जैन के निर्देशानुसार समिति के सभी सदस्यों ने एकत्र होकर डायलिसिस मशीनों की आरती उतारकर विधि-विधान से पूजन-अर्चन की। समिति का मानना है कि मशीनें केवल यंत्र नहीं, बल्कि जरूरतमंद मरीजों के जीवन का सहारा हैं। इन मशीनों के माध्यम से सैकड़ों किडनी रोगियों को नया जीवन मिल रहा है, इसलिए इनकी पूजा करना मानव सेवा की पूजा के समान है। पूजन के दौरान समिति के सदस्यों ने सेंटर में मौजूद मरीजों से आत्मीयता से मिलकर उनका हाल-चाल जाना, उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की और फल वितरित किए। इस दौरान मरीजों के चेहरे पर भी संतोष और अपनापन देखने को मिला। मरीजों ने कहा कि त्योहार के दिन समिति के सदस्यों का इस तरह आकर हाल पूछना उनके लिए संबल देने वाला है। इस अवसर पर समिति के सचिव डॉ. आर. सी. शर्मा ने कहा कि चेतना सेवा समिति का उद्देश्य केवल इलाज उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि मरीजों को यह एहसास दिलाना है कि वे अकेले नहीं हैं। समाज उनके साथ खड़ा है। यही सच्ची सेवा है। कार्यक्रम में समिति के संयुक्त सचिव अशोक अग्रवाल, सदस्य सुरेश कुमार, गंगाराम शर्मा, महेंद्र सिंह सूर्यवंशी, डायलिसिस सेंटर टेक्नीशियन शरद सूर्यवंशी , टेक्नीशियन छाया भट्ट, टेक्नीशियन मुकेश मैथिल,पेशेंट अटेंडर सुरेंद्र कुशवाह, अनिल साहू सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने मानव सेवा के संकल्प को दोहराया और दशहरे के प्रतीक के रूप में बुराई पर अच्छाई की जीत की तरह रोगों पर सेवा की जीत का संदेश दिया एवं मिष्ठान वितरण किया गया।

दशहरा पर्व पर पीएम आवास योजना 2.0 के तहत नवनिर्मित आवासों में कराया गृह प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

दशहरा पर्व के शुभ अवसर पर केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के तहत नगर के विभिन्न वार्डों में नवनिर्मित आवासों में विधि-विधान से गृह प्रवेश कराया गया। इस दौरान हितग्राहियों के चेहरों पर अपने पक्के मकान का सपना पूरा होने की खुशी साफ झलक रही थी।

नगर पालिका द्वारा आयोजित गृह प्रवेश कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव उपस्थित रहीं। उनके



साथ पार्षद नारायण सोनी, नगर



पालिका सीएमओ अशोक वर्मा, इंजीनियर मोहिनी कोरी, इंजीनियर शुभम शुक्ला, आवास शाखा प्रभारी अभिषेक श्रीवास्तव, सहायक बाबू राजेंद्र तिवारी, जियो ट्रैकर नितिन श्रीवास्तव, कंप्यूटर ऑपरेटर खिलान विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी और हितग्राही मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने हितग्राहियों को नए आवास की चाबी सौंपी और उन्हें शुभकामनाएं दीं। नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है। केंद्र और राज्य सरकार हर गरीब को पक्की छत उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। दशहरा जैसे शुभ दिन पर गृह प्रवेश होने से हितग्राहियों की खुशी दोगुनी हो गई है।

हितग्राहियों ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नगर पालिका अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पक्के मकान का सपना आज पूरा हुआ है। नगर पालिका अधिकारियों ने बताया कि योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को लगातार आवास का लाभ दिया जा रहा है और शेष निर्माणाधीन आवासों को भी शीघ्र पूर्ण कर गृह प्रवेश कराया जाएगा।

प्रशासनिक व पुलिस अमले सहित नपा अमला भी पूरे समय रहा तैनात

नगर में उत्साह के साथ मनाया दशहरा पर्व, रावण का हुआ दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

मंगलवार को नगर सहित ग्रामीण अंचलों में दशहरा उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर नया बस स्टैंड रामलीला ग्राउण्ड में हिंदू उत्सव समिति द्वारा रावण के पुतले का दहन किया गया। इस दौरान अनेक छात्र-छात्राओं ने आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। समारोह के समापन पर श्रीराम दरबार का मंच पर अतिथियों व हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष व सदस्यों ने स्वागत कर उनकी पूजन अर्चन की। इसके बाद रावण के पुतले का दहन किया गया। इस मौके पर शहर में नवरात्रि के दौरान सजाई गई श्रेष्ठ झांकियों को भी पुरस्कृत किया गया।

दशहरा उत्सव में भगवान श्री रामजी की शोभायात्रा राजेन्द्र नगर से निकाली गई, जो नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई रामलीला मंच मेला ग्राउंड पहुंची। इस दौरान अनेक स्थानों पर विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा श्रीराम दरबार का स्वागत किया गया। श्रीराम बारात के आगमन पश्चात मंच पर पूजन आरती के पश्चात जैसे ही श्रीराम ने अग्नि बाण रावण के पुतले पर छोड़ा, वैसे ही चारों तरफ आतिशबाजी की रोशनी प्रकाशित हो गई। रावण दहन के दौरान पूरा प्रांगण जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू देवेन्द्र रघुवंशी, नपा सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव, श्री हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष सावन अग्रवाल सहित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने मंच से अपने नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। जिन्हे कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित अतिथियों द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए।

उधर नगर में स्थापित दुर्गा पंडालों में विराजमान देवी मां की प्रतिमाओं का भी हवन पूजन एवं कन्या भोज के बाद विसर्जन किया गया। इस अवसर पर प्रशासनिक दिशा निर्देशों के चलते झांकी संचालकों ने पूर्वान्ह से ही अपनी अपनी झांकियों का समापन करते हुए देवी प्रतिमाओं का विसर्जन शुरू कर दिया था। इस दौरान बेतवा नदी के सिरोंज रोड स्थित पुल पर प्रशासन ने पहले से काफी बेहतर इंतजाम किए थे। प्रतिमा विसर्जन को लेकर अंबानगर एवं तिरंगा चौक से इस मार्ग को वन वे कर दिया गया था। प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में प्रतिमाओं का विसर्जन कराया गया। प्रतिमाओं को पुल पर ही हाइड्रा से उतारकर नदी तक पहुंचाया गया। सुरक्षा की दृष्टि से किसी को भी नदी के आसपास नहीं जाने दिया गया। वहीं छोटी प्रतिमाओं का विसर्जन कुंड में किया गया। जिससे पुल एवं आसपास के मार्ग पर जाम की स्थिति नहीं बनी और प्रतिमा विसर्जन काफी व्यवस्थित, शांतिपूर्ण और सुविधाजनक ढंग से हो सका। देर रात्रि तक प्रतिमाओं का विसर्जन चलता रहा। इस अवसर पर प्रशासनिक एवं पुलिस तथा नगरपालिका अमला मौजूद रहा। उधर ग्रामीण क्षेत्रों में भी नदियों, जलाशयों में प्रतिमा विसर्जन शांतिपूर्ण रहा।

वहीं विजयादशमी पर्व के अवसर पर शहर थाना परिसर में शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विधायक





हरिसिंह रघुवंशी, नपा सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव, एसडीएम अनुभा जैन, एसडीओपी शिखा भलावी, सिटी थाना प्रभारी संजय वेदिया, देहात थाना प्रभारी जय कुमार सिंह सहित समस्त पुलिस कर्मी, अधिकारी कर्मचारी और नागरिक मौजूद थे।

नगर के बाल ब्रह्मचारी आदर्श जैन 25 को लेंगे जैनेश्वरी दीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



यह गौरव और आध्यात्मिक उल्लास का ऐतिहासिक अवसर है। नगर गौरव ब्रह्मचारी आदर्श जैन आगामी 25 अक्टूबर शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर पुणे नगर में जैनेश्वरी दीक्षा ग्रहण करेंगे। यह विशेष संयोग है कि शरद पूर्णिमा पर गुरुदेव आचार्य 108 विद्यासागर महाराज एवं आचार्य 108 समय सागर महाराज के अवतरण दिवस के रूप में भी मनाई जाएगी। चातुर्मासरत प्रशममूर्ति मुनि 108 अजितसागर महाराज द्वारा दीक्षार्थी भैयाजी को संयम पथ पर अग्रसर होने का सौभाग्य प्राप्त होगा। आदर्श जैन ने युगश्रेष्ठ संत शिरोमणि आचार्यश्री 108 विद्यासागर महाराज से प्रतिमा व्रत प्राप्त किया। उन्हें विद्या शिरोमणि आचार्य 108 समयसागर महाराज का मंगल आशीष प्राप्त है।

दीक्षा महोत्सव से पूर्व बुधवार दोपहर 1 बजे भगवान महावीर विहार से भव्य शोभायात्रा प्रारंभ होगी। बरघोड़ा महावीर मार्ग, कक्काजी वाली गली, सुभाष चौक, नेहरू चौक, जयस्तंभ चौक एवं पुराना बस स्टैंड मार्ग से होते हुए पुनः महावीर विहार पहुंचेगा। शोभायात्रा के पश्चात दीक्षार्थी भैयाजी की गोद भराई का मांगलिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

यह आयोजन केवल एक धार्मिक समारोह नहीं, बल्कि सांसारिक मोह-माया का त्याग कर आत्मकल्याण और मोक्षमार्ग की ओर बढ़ने वाले साधक के प्रति समाज की श्रद्धा एवं अनुमोदना का प्रतीक होगा। ब्रह्मचारी आदर्श जैन का जन्म 1 दिसंबर 1969 को गंजबासौदा में हुआ। उनके पिता स्वर्गीय पंडित ज्ञानचंद जैन तथा माता दशम प्रतिमाधारी गीता देवी जैन हैं। आदर्श जैन ने एम कॉम तक शिक्षा प्राप्त की और 17 फरवरी 2007 को ब्रह्मचर्य व्रत धारण कर अपने आध्यात्मिक जीवन को नई दिशा दी। उनका परिवार प्रारंभ से ही धर्म, संस्कार और सामाजिक गतिविधियों के प्रति समर्पित रहा है। उनकी बहन बाल ब्रह्मचारिणी आराधना दीदी भी आध्यात्मिक एवं शैक्षणिक क्षेत्र में विशिष्ट पहचान रखती हैं।

शाम के समय हुई हल्की बूंदाबांदी

गंजबासौदा। पिछले कुछ दिनों से आसमान पर छा रहे बादलों से मंगलवार की शाम नगर सहित इलाके भर में बौछारें पड़ गईं। तेज गरज और चमक के साथ देर शाम को हुई बारिश से किसानों को राहत की उम्मीद थी, लेकिन हल्की बारिश से उनकी उम्मीद अधूरी रह गई। हालांकि रात में भी बादल छाए हुए हैं और किसान पलेवा से बचत के लिए अच्छी बारिश की कामना कर रहे हैं।

अपने भीतर बैठे रावण को समाप्त करना वास्तविक पुरुषार्थ है: ब्रह्माकुमारी दीदी



गंजबासौदा। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय स्थित सेवा केंद्र द्वारा बुराइयों के प्रतीकात्मक रूपी रावण का दहन किया गया। ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने बताया कि हर वर्ष हम सभी रावण का दहन करते हैं लेकिन हम अपने अंदर की बुराइयों का दहन कब करेंगे किसी दुश्मन का पुतला जलाया जाता है रावण हमारा दुश्मन है रावण अर्थात काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार आलस, भय, चिंता, द्वैश, ईर्ष्या, घृणा, नफरत रूपी बुराइयां हमारी दुश्मन है। उन्हें हमें अपने जीवन से निकलना है जलाना है रावण के दस सिर अर्थात पांच विकार नर में पांच विकार नारी में है जो लगातार बढ़ते ही जा रहे हैं। इसीलिए लोग दुखी और परेशान हैं। दशहरे पर रावण के पुतले का दहन हमें सत्य की असत्य पर और अच्छाई की बुराई पर विजय का संदेश देता है। दशहरे का वास्तविक आध्यात्मिक संदेश केवल रावण के पुतले को जलाने तक सीमित नहीं है, बल्कि अपने भीतर छिपी बुराइयों और कमजोरियों को समाप्त करने का संकल्प लेना है। रावण को मानवीय विकारों का प्रतीक मानते हुए बताया गया कि मनुष्य के भीतर काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार, आलस्य, भय, चिंता, द्वेष, ईर्ष्या, घृणा और नफरत जैसे विकार ही जीवन की शांति एवं सुख को प्रभावित करते हैं। जब मनुष्य इन विकारों के वशीभूत होकर व्यवहार करता है, तब उसके अपने जीवन के साथ-साथ परिवार और समाज में भी अशांति उत्पन्न होती है। ब्रह्माकुमारी रुक्मणी दीदी ने अपने आध्यात्मिक विचार व्यक्त करते हुए कहा कि रावण का पुतला जलाना सरल है, लेकिन अपने भीतर बैठे रावण को समाप्त करना वास्तविक पुरुषार्थ है। क्रोध पर शांति से, लोभ पर संतुष्टता से, अहंकार पर विनम्रता से, ईर्ष्या पर शुभभावना से और नफरत पर प्रेम से विजय प्राप्त करना ही सच्चे अर्थों में विजयादशमी मनाना है। जब तक मनुष्य अपने स्वभाव और संस्कारों में सकारात्मक परिवर्तन नहीं लाता, तब तक बाहरी उत्सवों का आध्यात्मिक उद्देश्य पूर्ण नहीं हो सकता। रावण के पुतले के माध्यम से समाज को यह संदेश दिया जा सकता है कि बुराइयां किसी दूसरे व्यक्ति में खोजने के बजाय पहले स्वयं के भीतर झांकना चाहिए और अपनी कमजोरियों को पहचानकर उन्हें समाप्त करने का प्रयास करना चाहिए।

दशहरा पर्व के अवसर पर रघुवंशी समाज ने किया शस्त्र पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

दशहरे पर रावण दहन के साथ बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया जाता है, लेकिन आज समाज के सामने एक ऐसा रावण भी खड़ा है, जो युवाओं का भविष्य निगल रहा है। यह रावण नशे का है, जिसका अंत करने के लिए समाज को एकजुट होना होगा।

यह बात विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने मंगलवार को बरेठ रोड स्थित रघुवंशी धर्मशाला में आयोजित रघुवंशी समाज के सामूहिक शस्त्र पूजन कार्यक्रम में कही। उन्होंने समाजजनों से नशे जैसी बुराई को जड़ से समाप्त करने और युवा पीढ़ी को इससे बचाने का संकल्प लेकर जाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बडी संख्या में समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं, परिषद के पदाधिकारियों और समाजबंधुओं की उपस्थिति रही। सभी ने शस्त्र पूजन में सहभागिता कर सामाजिक एकता, सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण और नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया, वहीं इस मौके पर लाइसेंसधारी शस्त्रधारियों ने भी नियमानुसार अपने शस्त्रों के साथ पहुंचकर पूजन किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने सोशल मीडिया के माध्यम से सामाजिक जागरूकता फैलाने वाले रघुवंशी समाज के होनहार कंटेंट क्रिएटर लोकप्रिय युवा इन्फ्लुएंसर गमाखर निवासी विपिन रघुवंशी एवं विक्रम रघुवंशी का सम्मान राम नाम पट्टीका पहनाकर किया। प्रभात शर्मा, विकास मिश्रा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन संपन्न कराया।

दशहरे के अवसर पर हुए इस आयोजन में समाजबंधुओं ने अपनी गौरवशाली क्षत्रिय परंपरा का स्मरण किया और सामाजिक एकता का संदेश दिया। विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने कहा कि दशहरा हमें बुराइयों पर विजय प्राप्त करने की



प्रेरणा देता है। आज नशा समाज के सामने बड़ी चुनौती है। यह युवाओं की जिंदगी, परिवारों की खुशियां और समाज का भविष्य बर्बाद कर रहा है। जिस तरह हम दशहरे पर रावण के पुतले का दहन करते हैं, उसी तरह हमें अपने घरों और समाज में मौजूद नशारूपी रावण को समाप्त करने का संकल्प लेना होगा। रघुवंशी क्षत्रिय परिषद की युवा इकाई के जिला अध्यक्ष इंजीनियर रविंद्र सिंह रघुवंशी ने बताया कि परिषद के तत्वाधान में गंजबासौदा और गुलाबगंज में शस्त्र पूजन संपन्न हो चुका है सिरोंज और विदिशा में आयोजित हो रहा है।

प्रदेश में रघुवंशी समाज द्वारा शस्त्र पूजन कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है। कार्यक्रम में शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्र से भी पदाधिकारी, युवा इकाई के सदस्य, वरिष्ठजन और समाजबंधु शामिल हुए। संचालन रघुवंशी परिषद के प्रदेश मीडिया प्रभारी देवेंद्र रघुवंशी ने किया।

नगरपालिका में चार नई कचरा गाड़ियों का हुआ शुभारंभ

नागरिकों की सुविधा के लिए नपा ने बढ़ाया व्यवस्थाओं का दायरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

नवरात्रि और दशहरा के पावन पर्व पर नगर पालिका परिषद में चार नए मेहमानों के रूप में चार नई डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण गाड़ियों का आगमन हुआ। नगर में लगातार बढ़ती आबादी और विस्तारित होते वार्डों को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका ने सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम उठाया है। नई गाड़ियों के शामिल होने से घर-घर से कचरा संग्रहण की व्यवस्था को गति मिलेगी और नागरिकों को होने वाली परेशानियों से राहत मिलने की उम्मीद है। नगर का दायरा लगातार बढ़ने के कारण कई क्षेत्रों में कचरा संग्रहण करने वाली गाड़ियां समय पर नहीं पहुंच पाती थीं।

वहीं, कुछ स्थानों पर गाड़ियों की कमी के चलते नागरिकों को कचरा उठने का इंतजार करना पड़ता था। इससे सफाई व्यवस्था प्रभावित होने के साथ ही लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ता था। नागरिकों की इन समस्याओं को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका परिषद ने चार नई गाड़ियां उपलब्ध कराई हैं, ताकि अधिक से अधिक क्षेत्रों में नियमित रूप से कचरा संग्रहण किया जा सके। नगर पालिका परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम में नई कचरा संग्रहण गाड़ियों का नपाध्यक्ष शशि यादव, नपा सीएम अशोक वर्मा ने विधिवत पूजन-अर्चन कर हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया।

इन गाड़ियों के संचालन से डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। साथ ही जिन क्षेत्रों में पहले गाड़ियों के देरी से पहुंचने या पर्याप्त संख्या में वाहन उपलब्ध नहीं होने के कारण परेशानी होती थी, वहां नगर पालिका का उद्देश्य है कि शहर के सभी क्षेत्रों में नियमित रूप से कचरा संग्रहण हो और नागरिक अपने घरों का कचरा निर्धारित व्यवस्था के अनुसार गाड़ियों में डाल सकें। इससे सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर कचरा जमा होने की समस्या को कम करने तथा नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में सहायता मिलेगी। स्वच्छता व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए केवल संसाधनों की उपलब्धता ही नहीं, बल्कि नागरिकों की सहभागिता भी जरूरी है। नई गाड़ियों के संचालन से सफाई व्यवस्था में सुधार की उम्मीद है। इसके साथ ही नागरिकों से भी अपेक्षा की जाती है कि वे कचरा इधर-उधर फेंकने के बजाय डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण गाड़ियों को ही दें और नगर को स्वच्छ रखने में सहयोग करें। नई कचरा संग्रहण गाड़ियों के शुभारंभ अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, नपा सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, भाजपा नेता मनोज यादव, स्वास्थ्य सभापति ऋचा संजय भावसार, पार्षद सुनील साहू, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक वर्मा, फीडबैक फाउंडेशन के संचालक भरत सहित नगर पालिका के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

बंजारी माता मंदिर पर कन्या पूजन व कन्या भोज हुआ



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

बंजारी माता मंदिर परिसर में कंजना उद्योग संघ के तत्वावधान में कन्या पूजन एवं कन्या भोज का धार्मिक आयोजन किया गया। नवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में आसपास के ग्रामीण अंचलों से सैकड़ों कन्याओं को आमंत्रित किया गया। श्रद्धालुओं ने कन्याओं को मां दुर्गा का स्वरूप मानकर विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया और उनके सुख-समृद्धि एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आयोजन समिति के जयेश शाह ने बताया कि इस विशाल आयोजन का उद्देश्य धार्मिक आस्था के साथ-साथ कन्याओं के प्रति सम्मान और सेवा भाव को प्रोत्साहित करना है।

कार्यक्रम में आदिवासी समाज की कन्याओं की संख्या विशेष रूप से अधिक रही। परिसर में भक्तिमय वातावरण के बीच कन्याओं का पारंपरिक तरीके से पूजन किया गया। इसके बाद भंडारे में कन्याओं को श्रद्धापूर्वक भोजन प्रसादी ग्रहण कराई गई। कार्यक्रम में विधायक हरिसिंह रघुवंशी एवं खादी ग्रामोद्योग के उपाध्यक्ष डॉ. राकेश सिंह जादौन विशेष रूप से उपस्थित रहे। दोनों अतिथियों ने मां दुर्गा के स्वरूप में विराजित कन्याओं को चुनरी ओढ़ाकर उनका पूजन किया तथा विधि-विधान से चरण पखारकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान कन्याओं के प्रति श्रद्धा, सम्मान और सेवा का भाव दिखाई दिया। कन्या भोज के पश्चात उपस्थित कन्याओं को उपहार भी भेंट किए गए। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर धार्मिक आयोजन को सफल बनाया। बंजारी माता उद्योग परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम ने नवरात्रि की धार्मिक परंपरा को जीवंत करते हुए समाज में कन्या सम्मान और सेवा की भावना का संदेश दिया।

दुर्गा पंडालों में दिनभर चले हवन-पूजन और कन्याभोज, नया बस स्टैंड पर देर रात हुआ रावण दहन

भक्तों ने नम आंखों से दी मां दुर्गा को विदाई कैथन डेम पर हुआ प्रतिमाओं का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

भक्ति गीतों के बीच निकले विसर्जन जुलूस, नम आंखों से दी विदाई

बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक विजयादशमी पर्व नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह, उल्लास और श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। शारदीय नवरात्रि के समापन पर मंगलवार को नगर के विभिन्न दुर्गा पंडालों में विधि-विधान से हवन-पूजन और कन्याभोज के आयोजन हुए। इसके बाद भक्तों ने नम आंखों से मां दुर्गा को विदाई दी। ढोल-नगाड़ों, बैंड-बाजों और भक्ति गीतों की धुन पर नाचते-गाते श्रद्धालु मां की प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए कैथन डेम लेकर पहुंचे। वहीं, नया बस स्टैंड पर हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के बाद देर रात रावण के पुतले का दहन किया गया। विजयादशमी के अवसर पर नगर में सुबह से ही धार्मिक गतिविधियों का सिलसिला शुरू हो गया था। घरों में पूजा-अर्चना और होम-धूप के बाद लोगों ने अपने दैनिक कार्यों की शुरुआत की। परंपरा के अनुसार कारीगरों और कामकाजी लोगों ने भी अपने औजारों, मशीनों तथा वाहनों का पूजन किया। नगर के विभिन्न मंदिरों और धार्मिक स्थलों पर विशेष आयोजन हुए। विश्व हिंदू परिषद,बजरंग दल,राम मंदिर अखाड़े और स्थानीय थाना परिसर में भी शस्त्र पूजन किया गया।



शारदीय नवरात्रि के नौ दिनों तक मां दुर्गा की आराधना में लीन रहे श्रद्धालुओं के लिए प्रतिमा विसर्जन का क्षण भावुक करने वाला रहा। मंगलवार सुबह से ही नगर के विभिन्न दुर्गा पंडालों में पूजा-अर्चना की तैयारियां शुरू हो गई थीं। हवन-पूजन और कन्याभोज के बाद समितियों ने मां दुर्गा की प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए रवाना किया। दोपहर से कैथन डेम स्थित विसर्जन स्थल पर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी। नगर के मुख्य मार्गों से होकर निकले विसर्जन जुलूसों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कोई ढोल-नगाड़ों और बैंड-बाजों की धुन पर नाचता-गाता नजर आया, तो कहीं भजन-कीर्तन और माता के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। कुछ समितियों ने डीजे और आकर्षक ध्वनि व्यवस्थाओं के साथ जुलूस निकाले, जबकि कई श्रद्धालु पारंपरिक भजन-कीर्तन करते हुए विसर्जन स्थल तक पहुंचे। जुलूसों के दौरान आतिशबाजी भी की गई। नगर के प्रमुख मार्गों पर मां दुर्गा की प्रतिमाओं के दर्शन के लिए लोगों की भीड़ लगी रही। श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की।

राम मंदिर अखाड़े और थाना परिसर में हुआ शस्त्र पूजन



विजयादशमी पर शस्त्र पूजन की परंपरा का भी निर्वहन किया गया। राम मंदिर अखाड़े और स्थानीय थाना परिसर में विधि-विधान से शस्त्रों का पूजन किया गया। इस दौरान शस्त्रों के साथ वाहनों और मशीनरी की भी पूजा-अर्चना की गई। लोगों ने अपने वाहनों की साफ-सफाई कर उन्हें फूल-मालाओं से सजाया और पूजन के बाद उनका उपयोग शुरू किया। कारीगरों ने भी अपने औजारों का पूजन कर कार्य की शुरुआत की। राम मंदिर अखाड़े में आयोजित शस्त्र पूजन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। वहीं, थाना परिसर में भी परंपरागत तरीके से पूजन किया गया। विजयादशमी के अवसर पर आयोजित इन कार्यक्रमों ने नगर की धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं को दर्शाया।

नया बस स्टैंड पर हुआ रावण दहन

विजयादशमी के अवसर पर नया बस स्टैंड परिसर में हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों के बाद देर रात रावण के पुतले का दहन किया गया। रावण दहन के साथ ही बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया गया। पर्व के दौरान नगर में धार्मिक आयोजनों, प्रतिमा विसर्जन और रावण दहन को लेकर उत्साह का माहौल बना रहा। इस तरह विजयादशमी का पर्व श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ संपन्न हुआ।

दुर्गा पंडालों में हवन-पूजन और कन्याभोज के आयोजन

नवरात्रि के नौ दिनों तक नगर के विभिन्न दुर्गा पंडालों में धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। समितियों ने पंडालों को आकर्षक विद्युत सजावट, रंग-बिरंगी लाइटों और विभिन्न सजावटी सामग्रियों से सजाया था। प्रतिदिन मां दुर्गा की आरती, भजन और अन्य धार्मिक आयोजनों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मंगलवार को नवरात्रि के समापन अवसर पर पंडालों में विशेष हवन-पूजन और कन्याभोज आयोजित किए गए। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर माता से परिवार और नगर की सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन कराया गया तथा उपहार भेंट किए गए।

जनप्रतिनिधियों-पदाधिकारियों ने किया कन्या पूजन

श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया धार्मिक आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



सेवा भारती नगर के तत्वावधान में 1100 कन्याओं के पूजन का भव्य एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में श्रद्धा, भक्ति और भारतीय संस्कृति की अनुपम झलक देखने को मिली। बड़ी संख्या में कन्याओं का पूजन कर उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया गया। आयोजन में जनप्रतिनिधियों, सेवा भारती के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं तथा नगर की मातृशक्ति ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश शासन की महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया शामिल हुईं। उनके साथ सेवा भारती के राष्ट्रीय मंत्री रामेंद्र, क्षेत्रीय विधायक हरि सिंह रघुवंशी तथा ग्रामोद्योग उपाध्यक्ष राकेश जादौन,वरिष्ठ समाजसेविका श्रीमति माधवी माथुर सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने कन्याओं का पूजन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर सेवा भारती जिला एवं नगर कार्यकारिणी के पदाधिकारी, सदस्य और बड़ी संख्या में माताएं-बहनें भी मौजूद रहीं। कार्यक्रम के दौरान कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर उनका पूजन किया गया। भारतीय परंपरा में कन्या पूजन का विशेष धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व है। नवरात्र सहित विभिन्न धार्मिक अवसरों पर कन्याओं को शक्ति का प्रतीक मानकर उनकी पूजा की जाती है। यह परंपरा नारी शक्ति के सम्मान, समाज में बालिकाओं के महत्व और भारतीय संस्कारों के प्रति आस्था को प्रदर्शित करती है। 1100 कन्याओं के पूजन का यह आयोजन सामाजिक और धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं सेवा भारती के कार्यकर्ताओं ने कन्याओं के प्रति सम्मान और श्रद्धा प्रकट करते हुए इस परंपरा को समाज में निरंतर आगे बढ़ाने का संदेश दिया। आयोजन में मातृशक्ति की सहभागिता ने कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान की। सेवा भारती नगर द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सेवा, संस्कार और सामाजिक समरसता की भावना दिखाई दी।

कांग्रेस ने सरकार पर साधा निशाना, किसानों की समस्याओं को लेकर भी जताया आक्रोश

मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ निकाली जनयात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी देवपुर द्वारा मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ जनयात्रा निकालकर पुतला दहन किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कथित वोट चोरी के मुद्दे को लेकर विरोध जताया और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए लोकतांत्रिक व्यवस्था की निष्पक्षता पर सवाल उठाए। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अर्जुन राजपूत के नेतृत्व में कांग्रेस नेता, कार्यकर्ता एवं संगठन के विभिन्न पदाधिकारी शामिल हुए। जनयात्रा के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और लोकतंत्र की मजबूती के लिए निष्पक्ष चुनाव व्यवस्था की आवश्यकता पर जोर दिया।

वोट चोरी का आरोप, सरकार पर साधा निशाना

इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अर्जुन राजपूत ने आरोप लगाया कि वोट चोरी के माध्यम से सरकार बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता का मत सर्वोपरि है और चुनाव प्रक्रिया पर लोगों का विश्वास बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने आरोप लगाया कि पर्चियों के माध्यम से मुख्यमंत्री बनाए जा रहे हैं, जिससे लोकतांत्रिक मूल्यों पर सवाल खड़े हो रहे हैं। कांग्रेस ने चुनाव प्रक्रिया को लेकर अपनी चिंता व्यक्त करते हुए निष्पक्षता और पारदर्शिता की मांग उठाई।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जताया विरोध

कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने किसानों की समस्याओं के समाधान तथा चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग उठाई। जनयात्रा और पुतला दहन के माध्यम से पार्टी ने जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर अपना विरोध दर्ज कराया। इस दौरान कांग्रेस संगठन के वरिष्ठ नेता, मंडलम अध्यक्ष, पंचायत अध्यक्ष, बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने संगठन की एकजुटता प्रदर्शित करते हुए जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाने की बात कही।

खाद, ई-टोकन और बिजली कटौती से किसान परेशान

ब्लॉक अध्यक्ष अर्जुन राजपूत ने क्षेत्र में किसानों को आ रही समस्याओं का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि आज किसान खाद के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। खाद वितरण व्यवस्था में परेशानी के साथ ई-टोकन प्रणाली में गड़बड़ी की शिकायतें सामने आ रही हैं, जिससे किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि लोड सेटिंग के नाम पर लगातार बिजली कटौती की जा रही है। इससे खेतों में पलेवा करने वाले किसानों को काफी परेशानी हो रही है। खेती के महत्वपूर्ण समय में बिजली की अनियमित आपूर्ति और खाद की समस्या किसानों की चिंता बढ़ा रही है।

श्रद्धालुओं से शामिल होने की अपील

शीतला माता मंदिर में कन्या भोज एवं भंडारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



नगर के कठाली बाजार स्थित प्रसिद्ध शीतला माता मंदिर में नगर कन्या भोज एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। धार्मिक आस्था और श्रद्धा से जुड़े इस आयोजन को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। कार्यक्रम में कन्या भोज के साथ विशाल भंडारे का आयोजन होगा, जिसमें नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है। शीतला माता मंदिर नगर के श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। यहां समय-समय पर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर माता के दर्शन करते हैं और धर्म लाभ प्राप्त करते हैं। कन्या भोज को भारतीय संस्कृति और धार्मिक परंपराओं में विशेष महत्व दिया गया है। कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर उनका पूजन एवं भोजन कराना पुण्यदायी माना जाता है। वहीं, भंडारे के माध्यम से श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित कर सेवा, समर्पण और सामाजिक सद्भाव का संदेश दिया जाता है।

वरिष्ठ समाजसेवी संजय सोनी ने नगर के सभी धर्मप्रेमी नागरिकों, श्रद्धालुओं एवं माता के भक्तों से शीतला माता मंदिर कठाली बाजार पहुंचकर कन्या भोज एवं विशाल भंडारे में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजनों में सहभागिता से धर्म और संस्कृति के प्रति आस्था मजबूत होती है। ऐसे आयोजन समाज में आपसी प्रेम, भाईचारे, सेवा और सद्भाव की भावना को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कन्या भोज एवं विशाल भंडारे में सहभागिता करने, माता का आशीर्वाद प्राप्त करने और धार्मिक आयोजन को सफल बनाने का आग्रह किया है। आयोजन के माध्यम से श्रद्धालुओं को सेवा और पुण्य का अवसर मिलेगा।

आचार्य श्री के जन्मदिन पर 3 दिन छूट रहेगी जांचों में

सागर। समाधिस्थ संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर महामुनिराज के अवतरण दिवस (शरद पूर्णिमा) के पावन पर्व पर भाग्योदय तीर्थ चिकित्सालय में एक्सरे,सीटी स्केन, एमआरआई, रेडियोलॉजी, सोनोग्राफी एवं पैथोलॉजी जॉचों पर 25 अक्टूबर से 27 अक्टूबर तक (तीन दिवस) रोगियों को वर्तमान में की जा रही चैरिटी के अतिरिक्त 25 प्रतिशत की और छूट दी जावेगी। भाग्योदय तीर्थ के ट्रस्टी मुकेश जैन ढाना ने बताया कि प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी यह छूट सभी मरीज को दी जा रही है। पिछले वर्ष तीन दिनों में 3000 से अधिक मरीजों को इसका लाभ मिला था।

जिला स्तरीय युवा उत्सव 31 अक्टूबर को

सागर। भारत सरकार एवं संचालनालय खेल और युवा कल्याण, मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार खेल और युवा कल्याण विभाग, सागर द्वारा जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 31 अक्टूबर को रविन्द्र भवन सभागार में किया जाएगा। युवा उत्सव में इस वर्ष पेंटिंग, समूह लोकनृत्य, समूह लोकगीत, कविता लेखन एवं नुक्कड़ नाटक सहित कुल पांच विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। समूह लोकनृत्य में केवल हिन्दुस्तानी शैली मान्य होगी। टेप, कैसेट आदि के माध्यम से प्रस्तुति मान्य नहीं की जाएगी। लोकगीत भारतीय गायन पर आधारित तथा क्षेत्रीय भाषा में हो सकते हैं। फिल्मी गीतों का प्रदर्शन मान्य नहीं होगा। युवा उत्सव में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागी खेल और युवा कल्याण विभाग, खेल परिसर, सागर से आवेदन फार्म प्राप्त कर 24 अक्टूबर को शाम 5 बजे तक जमा कर सकते हैं। इसके साथ ही माय भारत पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीयन कराना अनिवार्य है। पोर्टल पर पंजीयन के बिना प्रतिभागी युवा उत्सव में भाग नहीं ले सकेंगे।

साहित्यकार अपनी कलम चलाकर देश में चेतना और जन-जागरण का शंखनाद करें : मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

सत्ता और सरकार के मूल चेहरे पर रावण के दस चेहरे विस्तार ले रहे हैं, आखिर यह कैसी राजनीति और तानाशाही हो गई है जहां सत्य, ईमान, धर्म, नीति, आदर्श, सिद्धांत के नैतिक मूल्यों को कुचला जा रहा है, इन सब परिस्थितियों के बीच देश में जन जागरण और चेतना का बिगुल बजाने का दायित्व बेशक हम सभी साहित्यकारों का है यदि हम सभी रचनाकार मूकदर्शक बनकर यह सब देखते रहेंगे तो हमारे साहित्य, समाज के लिए इससे बड़ा महापाप कोई हो नहीं सकता। आओ देश की अखंडता, एकता, प्रेम, सौहार्द के लिए अपनी कलम चलाकर देश में चेतना और जन-जागरण का शंखनाद करें। खरपतवार का विस्तार करने वाली राजनीतिक पार्टियों को उखाड़ फेंकने के लिए काव्यधारा में हम तूफान लाकर के देश में बौद्धिक जागरण लाए तभी हम अपने साहित्यिक योगदान को पूर्ण कर सकेंगे। यह विचार टीकमगढ़ से मुन्नालाल मिश्रा ने रखे, वह बुंदेलखंड हिंदी साहित्य संस्कृति विकास मंच सागर की शनिवार को आयोजित साप्ताहिक 1657 वीं संगोष्ठी और ऑनलाइन 335 वीं संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे थे। सागर से अमित मणीकांत चौबे ने संगोष्ठी का संचालन किया। सागर से मणिदेव ठाकुर ने भक्ति-भाव से माँ सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की। इसके पूर्व अपने स्वागत भाषण में टीकमगढ़ से दीनदयाल तिवारी बेताल ने स्वागत की परंपरा का निर्वाह करते हुए समस्त साहित्य मनीषियों का स्वागत करते हुए शारदीय नवरात्रि की शुभकामनाएं दी। संगोष्ठी के अंत में रायसेन से श्रीमती चित्रा चतुर्वेदी ने समस्त उपस्थितों का आभार व्यक्त किया।

इस गोष्ठी में काव्य पाठ हेतु रीवा से डॉ बारेलाल जैन लाल, पृथ्वीपुर से संध्या साहू, दमोह से डॉ पुष्पा चिले सागर से साहित्य मनीषीगण पूरन सिंह राजपूत, डॉ सीताराम श्रीवास्तव भावुक, डॉ नलिन निर्मल जैन, अरूण दुबे, नईम माहिर ने काव्यपाठ किया।

डॉ. अंकित जैन की पहल से हुआ 20 माह के शिवार्थ के हार्ट का निःशुल्क ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



सागर के रविशंकर वार्ड निवासी 20 माह के शिवार्थ विश्वकर्मा के दिल में जन्मजात छेद की जानकारी बच्चे के जन्म के तुरंत बाद ही लग गई थी। बच्चे के पिता सत्यम विश्वकर्मा करीब डेढ़ साल से बेटे के इलाज के लिए विभिन्न अस्पतालों के चक्कर लगा रहे थे। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण परिवार के लिए बच्चे का उपचार कराना चुनौती बना हुआ था। ऐसे में बाल्य एवं शिशु रोग विशेषज्ञ, बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज, सागर के डॉ. अंकित जैन ने पहल करते हुए परिवार को उचित मार्गदर्शन दिया। उन्होंने उपचार की दिशा में आवश्यक सलाह दी तथा इसके लिए परिवार से किसी प्रकार की परामर्श फीस नहीं ली।

शिवार्थ के पिता सत्यम विश्वकर्मा ने बताया कि बेटे की बीमारी के कारण उनका परिवार लंबे समय से परेशान था। डॉ. अंकित जैन के मार्गदर्शन से उपचार का रास्ता आसान हुआ। उन्होंने इस सहयोग के लिए डॉ. जैन का आभार व्यक्त किया। डॉ. अंकित जैन ने कहा कि गंभीर बीमारियों से जूझ रहे बच्चों के परिजनों को समय पर सही चिकित्सकीय मार्गदर्शन मिलना बेहद जरूरी है, ताकि वे उपलब्ध उपचार सुविधाओं का लाभ उठा सकें।



क्षत्रिय महासभा ने शस्त्र पूजन किया

सागर। क्षत्रिय महासभा सागर द्वारा विजया दशमी के पावन पर्व पर रूद्राक्ष धाम में अध्यक्ष लखन सिंह, महिला विंग अध्यक्ष प्रीति सिंह राजपूत द्वारा शस्त्र पूजन किया गया। इस अवसर पर क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारी नरेन्द्र सिंह (पप्पू मोसिया), राजेन्द्र सिंह बन्नाद, के.के गोरा, जितेंद्र चैहान, राजेश बहेरिया, पुष्पेन्द्र सिंह घौघरा, अजय बहेरिया, राहुल सिंह महुआखेडा, प्रदेश सिंह संदीप सिंह कर्रापुर, मनीष सिंह पटौआ, शुभम सिंह केरवना, सविता ठाकुर, दिव्या ठाकुर, ज्योति चौहान उपस्थित रहे।

अपहरण के छह घंटे में युवक दस्तयाब, मुख्य आरोपी गिरफ्तार

गोपालगंज पुलिस की त्वरित कार्रवाई, घायल अवस्था में मिला युवक, अन्य आरोपियों की तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

गोपालगंज थाना पुलिस ने युवक के अपहरण और मारपीट के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना के करीब छह घंटे के भीतर अपहृत युवक को दस्तयाब कर मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने युवक को बालाजी मंदिर के पास घायल अवस्था में बरामद किया। मामले में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

पुलिस के अनुसार 19 अक्टूबर को दयानंद वार्ड निवासी शान मुहम्मद पठान ने गोपालगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने बताया कि एक्सीलेंस स्कूल के पास उसकी रेडियम नंबर प्लेट की दुकान है, जहां उसका भांजा शेख अयान भी काम करता है। दोपहर करीब 1.30 बजे अयान के पास समीर का फोन आया और उसे एक्सीलेंस स्कूल गेट के पास बुलाया गया। अयान के पीछे फरियादी भी वहां पहुंच गया। इसी दौरान ग्रे रंग की ईको गाड़ी से आए समीर और उसके साथियों ने अयान को जबरन गाड़ी



में बैठाकर ले जाने का प्रयास किया। रोकने की कोशिश करने पर फरियादी को हाथ की उंगली और जांघ में चोट आई। इसके बाद उसने मोटरसाइकिल से गाड़ी का पीछा किया, लेकिन अयान का पता नहीं चल सका।

पुलिस ने अपराध क्रमांक 508/26, धारा 140(3) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर तत्काल युवक की तलाश शुरू की। पुलिस टीम ने लगातार तलाश करते हुए अयान को बालाजी मंदिर के पास घायल अवस्था में दस्तयाब किया। मेडिकल परीक्षण कराने के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

तकनीकी साक्ष्यों से आरोपी तक पहुंची पुलिस

घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी गोपालगंज निरीक्षक घनश्याम शर्मा ने विशेष टीम गठित कर आरोपी की तलाश शुरू कराई। टीम ने तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण करने के साथ मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। लगातार प्रयासों के बाद पुलिस ने मुख्य आरोपी समीर बोहत पिता जीतेंद्र बोहत (21), निवासी पुरानी काली माता मंदिर, पंतनगर, थाना मोतीनगर, सागर को घटना के करीब छह घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है। मामले में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सोलंकी के मार्गदर्शन और नगर पुलिस अधीक्षक ललित कश्यप के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी घनश्याम शर्मा के नेतृत्व में कार्रवाई की गई।

लक्षार्चन, भजन के साथ 19 दिन चले 'स्वच्छता से दिव्यता तक अभियान' का हुआ समापन

सागर। श्री सत्य साईं सेवा समिति ने 'स्वच्छता से दिव्यता तक' अभियान के तहत 19 दिन चले स्वच्छता अभियान का मंगलवार को समापन किया। दशहरा पर्व पर सुबह लक्षार्चन और 12 बजे तक विशेष भजन आयोजित किए गए। जिला अध्यक्ष अनिल शर्मा ने स्वच्छता सेवा में तत्पर रहने पर वरिष्ठ सेवादल सदस्य बीके गुरु और करुणा गुरु का सम्मान किया। इसके पहले सिविल लाइन स्थित साई निलयम में प्रातः नगर संकीर्तन निकाला गया जो वरदान होटल, इंदिरा कॉलोनी, सिविल लाइन चौराहा होते हुए साई निलयम लौटा। यहीं पर सफाई के साथ 'स्वच्छता से दिव्यता तक' अभियान का समापन किया गया। समिति सेवा दल प्रभारी डॉ निकिता पिंपलापुरे ओर सुरेश कुमार साहू ने बताया कि अभियान के तहत नगर के पहलवान बब्बा मंदिर, दादा दरबार, परेड मंदिर, शनि मंदिर, लोहिया पार्क, शिवालय बसंत बिहार पार्क, स्टेशन, बाघराज माता मंदिर आदि की सफाई की गई।संयोजक जितेंद्र यादव ने संगठन के सभी सदस्यों का आभार माना जिनकी सहभागिता से स्वच्छता का यज्ञ संपन्न हुआ और आगे भी बढ़-चढ़ कर सेवा कार्य करने का आग्रह किया।

13 दिसंबर को आयोजित होगी 'सागर ऑनर रन'

सागर। सागर में भारतीय सेना के आर्मी डे के अवसर पर 13 दिसंबर को सागर ऑनर रन मैराथन का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट प्रतिभा पाल द्वारा आधिकारिक आदेश जारी कर दिए गए हैं। आयोजन को सुचारू और सफल बनाने के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जगदीश कुमार गोमे को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जारी आदेश के अनुसार गोमे सभी विभागों के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर व्यवस्थाएं और तैयारियां सुनिश्चित करेंगे। मैराथन की थीम रन फॉर हॉनर... रन फॉर नेशन!' है। मैराथन में 5 किमी के अलावा 10 किमी और 21 किमी की श्रेणियां शामिल होंगी। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं, पूर्व सैनिकों और नागरिकों में देशभक्ति, एकता और फिटनेस को बढ़ावा देना है।

दशहरा मैदान में रामलीला के जीवंत मंचन ने बांधा समां

प्रभु श्रीराम के बाण से अंहकारी रावण के 35 फीट ऊंचे पुतले का हुआ दहन

आसमान में सतरंगी आतिशबाजी की बिखेरी छटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन



बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक दशहरा पर्व रायसेन शहर में भारी उमंग, उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। स्थानीय दशहरा मैदान पर अधर्म पर धर्म और बुराइयों पर अच्छाई की विजय के प्रतीक दशहरे पर्व का मुख्य समारोह श्री हिंदू उत्सव समिति रायसेन के बैनर तले आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान शामिल हुए। कार्यक्रम में विशेष अतिथि विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, नपाध्यक्ष सविता जमना सेन, बीजेपी जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत बबलू मीणा, श्री हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष रवि खत्री, पूर्व हिंदू उत्सव समिति अध्यक्षों सहित अन्य मौजूद रहे।

भगवान श्रीराम और लंकापति दशानन की सेनाओं के बीच महासंग्राम हुआ। प्रभु श्रीराम के अग्निबाण चलाते ही अहंकारी रावण का पुतला धू-धू कर जल उठा। आसमान में उठती आग की लपटों और चित्ताकर्षक आतिशबाजी और तालियों की गड़गड़ाहट के बीच दशहरे मैदान में दशानन के पुतले के जलते ही श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। इस दौरान हजारों की संख्या में पहुंचे दर्शकों ने बुराई के अंत और अच्छाई की जीत के प्रतीक इस दृश्य को देखा। वहीं शहर में जय रघुवीर जय महावीर समिति द्वारा सिद्ध बालाजी मंदिर बावड़ीपुरा से हनुमानजी के रौद्र रूपी मुखौटे की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो कि विशेष आकर्षण का केंद्र बनी रही। शोभायात्रा शहर के मुख्य मुख्य मार्गों से होती हुई दशहरे ग्राउंड पहुंची।

ढोल-नगाड़ों की थाप पर विदा हुईं मां दुर्गा की प्रतिमाएं

विजयादशमी के अवसर पर मंगलवार को मां दुर्गा माता महाकाली की प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला दोपहर बाद शुरू हो गया था। शारदीय नवरात्रि महोत्सव में नौ दिनों तक मां दुर्गा काली की पूजा-अर्चना, आरती और धार्मिक आयोजनों से गुलजार रहे झांकी पंडालों में विदाई की बेला में भक्तों द्वारा नम आंखों से दी विदाई।श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों की थाप, डीजे पर बजते भक्ति गीतों और जयकारों के बीच मां दुर्गा काली जी को विदाई देते नजर आए। शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरती देवी दुर्गा झांकियों के कारण माहौल भक्तिमय बना। शाम से शुरू हुआ दुर्गा झांकी विसर्जन का सिलसिला देर रात तक चलता रहा।

राज्यमंत्री बोले - पुलिस के आधुनिकीकरण व प्रशिक्षण पर रहेगा जोर

विजयादशमी पर्व पर पुलिस लाइन में विधि-विधान से हुई शस्त्रों की पूजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

विजयादशमी पर पुलिस विभाग द्वारा पुलिस लाइन स्थित जिला रक्षित निरक्षित केंद्र में शस्त्र पूजन कार्यक्रम समारोह पूर्वक आयोजित किया गया। जनप्रतिनिधियों और पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में विधि-विधान से शस्त्रों की हवन के साथ पूरे विधि विधान से पूजा हुई। इस दौरान स्वास्थ्य राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने जिले में कानून-व्यवस्था मजबूत करने, अपराध पर अंकुश लगाने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता दोहराई। हमारी सनातन परंपरा में शस्त्र पूजन को शक्ति की पूजन, संरक्षण और धर्म की रक्षा का प्रतीक माना जाता है। पुलिस के लिए इसका महत्व केवल परंपरा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह कानून की सुरक्षा और नैतिक कर्तव्य के प्रति जवाबदेही की याद भी दिलाता है।

विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश को देश का सबसे सुरक्षित राज्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए पुलिस बल के आधुनिकीकरण, बेहतर प्रशिक्षण, संसाधनों के उन्नयन और पुलिसकर्मियों को सशक्त बनाने पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने नागरिकों को असत्य पर सत्य की विजय के प्रतीक विजयादशमी पर्व की बधाई भी दी है। शस्त्र पूजन कार्यक्रम में बीजेपी जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत सिंह बबलू भैय्या मीणा, नपाध्यक्ष सविता जमना सेन, जनपद पंचायत सांची की अध्यक्ष अर्चना सुनील पोर्ते सहित एसपी आशुतोष गुप्ता, नवागत कलेक्टर रोहित सिसोनिया, एएसपी दीपक नायक, एडीएम मनोज उपाध्याय, एसडीएम मनीष शर्मा, तहसीलदार भरत सिंह माण्डले, जिला होमगार्ड कमांडेंट उमेश तिवारी, जिला पंचायत सीईओ कमल सोलंकी आदि शामिल हुए।

शर्मा के निवास पर हुआ सामूहिक अस्त्र शस्त्र और शास्त्रों का पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली



मंगलवार को पशु चिकित्सालय मार्ग पर सेवा निवृत्त राजस्व निरीक्षक नरसी प्रसाद शर्मा के निवास पर अस्त्र शस्त्रों मां अपराजिता की पूजन के साथ दशहरा मिलन का कार्यक्रम हुआ। अपने साथ लाए गए शस्त्रों की उपस्थित लोगों द्वारा पूजन की गई इसी के साथ शास्त्रों की पूजन और आरती कर दशहरा पर्व मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान यह विचार रहा की शास्त्रों के प्रकाश में शस्त्रों का उपयोग हो समाज के हित में शस्त्रों का उपयोग भी धर्म है। सनातन संस्कृति में देश समाज और मानवता के हित में शास्त्रों के साथ शस्त्रों के उपयोग के अनेक उदाहरण देखने को मिलते हैं। प्रतिवर्ष नरसी प्रसाद शर्मा के निवास पर शस्त्र पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है शस्त्र पूजन एवं दशहरा मिलन कार्यक्रम में ऋषिश्वर ब्राह्मण समाज जामगढ़ के साथ अन्य ब्राह्मण बंधुओ छत्रिय वर्ग से राजपूत किरार रघुवंशी पुरबिया समाज के लोगों द्वारा सामूहिक रूप से पूजन की और उपस्थिति रही। पंडित ब्रह्मदत्त शर्मा के मुख्य अतिथ में हुए कार्यक्रम में पंडित चंद्रकांत शास्त्री द्वारा मां अपराजिता की महिमा का वर्णन किया कहा कि शास्त्रों के साथ अस्त्र शस्त्रों का ज्ञान स्वयं के साथ समाज के हित सुरक्षा के लिए जरूरी है। शस्त्र पूजन के बाद सामूहिक स्वलपाहार प्रसादी वितरण के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ।

विजयादशमी का पर्व उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गैरतगंज

नगर में शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व के समापन पर विजयादशमी का त्योहार पूरे उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। हिन्दू उत्सव समिति के तत्वाधान में चल समारोह निकाला गया, जिसमें नगर भर की देवी झांकियों और श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। चल समारोह के दौरान अचानक जोरदार बारिश शुरू हो गई, लेकिन इससे श्रद्धालुओं के उत्साह में जरा भी कमी नहीं आई। तेज बारिश के बावजूद चल समारोह में शामिल लोगों का जोश और उमंग देखते ही बन रहा था, और लोग पूरे भक्तिभाव के साथ आगे बढ़ते रहे।

पेट्रोल पंप नंदनीनगर से शुरू हुआ चल समारोहः नवरात्रि समापन के अवसर पर नगर में स्थापित सभी देवी झांकियां पेट्रोल पंप नंदनीनगर में एकत्र हुईं, जहां से क्रमबद्ध होकर भव्य चल समारोह की शुरुआत हुई। चल समारोह नगर के मुख्य मार्गों से गुजरता हुआ मेला प्रांगण (कृषि उपज मंडी) पहुंचा।



इस दौरान अखाड़े के कलाकारों ने अपने हैरतअंगेज करतब दिखाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंडी परिसर में रावण दहन के उपरांत सभी झांकियों ने विसर्जन घाट पहुंचकर देवी प्रतिमाओं का जल-विसर्जन कर मां दुर्गा को अंतिम विदाई दी।

चल समारोह में दिखी भाईचारे और गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल

दशहरा उत्सव के दौरान गैरतगंज में सांप्रदायिक सौहार्द की अनुपम छटा देखने को मिली। नगर के वरिष्ठ समाजसेवी एहतेशाम बेग ने हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष देवेंद्र पटेल सहित सभी पदाधिकारियों का पुष्पमाला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया और सभी को दशहरा पर्व की शुभकामनाएं दीं।

निर्मल कंस्ट्रक्शन ने झांकी समितियों को किया सम्मानित

कार्यक्रम में उत्साहवर्धन करते हुए युवा नेता अखिल जैन (निर्मल कंस्ट्रक्शन) की ओर से झांकी समितियों के अध्यक्षों व आयोजकों को शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया। जैन ने सभी का हौसला बढ़ाते हुए विजयादशमी की बधाई दी।

मां दुर्गा की झांकियां के साथ निकला विजयदशमी का चल समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

राज्य मंत्री पटेल ने अखाड़े में तलवारबाजी का किया प्रदर्शन



विजयादशमी पर हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में बड़ा बाजार शक्ति धाम मंदिर से मां दुर्गा की प्रतिमाओं अखाड़ो के साथ धूमधाम से विजयादशमी का चल समारोह प्रारंभ हुआ। चल समारोह में स्थान स्थान पर अखाड़ों के युवाओं द्वारा प्रदर्शन किया गया। चल समारोह में क्षेत्र के विधायक प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल भी भाजपा के कार्यकर्ताओं के साथ सम्मिलित हुए। अखाड़े के प्रदर्शन में सम्मिलित होकर उन्होंने तलवारबाजी के करतव भी दिखाकर यह सिद्ध किया की राजनीति के साथ उन्हें शस्त्र चलाने का भी अभ्यास है। राजनीति में आने से पूर्व अखाड़े और आरएसएस की शाखा में लिए शस्त्र प्रशिक्षण का राज्य मंत्री पटेल द्वारा उत्साह पूर्वक प्रदर्शन किया गया।

मां दुर्गा की पूजन कर अखाड़ों का प्रदर्शन किया

विजयादशमी का बड़ा बाजार से मां दुर्गा की प्रतिमाओं के साथ चल समारोह प्रारंभ हुआ। स्थान स्थान पर मां दुर्गा की पूजन आरती धार्मिक श्रद्धालुओं द्वारा की गई। अखाड़ो का संपूर्ण मार्ग पर प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शन देखने लोगों की भारी भीड़ और उत्साह रहा। चल समारोह में राज्य मंत्री पटेल की तलवारबाजी का हुनर देखने लोगों में भारी उत्साह बना रहा। उन्होंने कभी एक हाथ से तो कभी दोनों हाथों से तलवार का प्रदर्शन किया। बालिकाओं के दल द्वारा किए गए अखाड़ा प्रदर्शन में उनका लोगों द्वारा उत्साहवर्धन किया जाता रहा। चल समारोह हांकी दशहरा मैदान पर पहुंचने पर समापन हुआ। श्री राम रावण युद्ध का मंचन होने के बाद 30 फीट ऊंचे रावण का दहन और आतिशबाजी देखने बच्चों युवाओं के साथ लोगों की भारी भीड़ और उपस्थिति रही।

देवी भजनों पर नाचे झूमे देवी भक्त

महेश्वर में बाजार वाली माता मंदिर में हुआ देवी जागरण का कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली



तहसील के ग्राम महेश्वर में लगभग 50 वर्षों से मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर नवरात्रि पर मनाया जा रहा है। 4 वर्ष पूर्व मंदिर का निर्माण कर मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई। रविवार की रात्रि में मंदिर प्रांगण में बाजार वाली माता मंदिर समिति द्वारा देवी जागरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें जय मां वैष्णो त्रिवेणी जागरण ग्रुप जबलपुर की गायिका महक शर्मा सोनम शर्मा एवं दीपिका चौरसिया द्वारा देवी भक्ति मय भजन गीत झांकियों के साथ प्रस्तुति से उपस्थित श्रोता भाव बिभोर हो उठे।

सजीव झांकियों के साथ भजन

मां दुर्गा मां काली एवं भगवान शंकर पर आधारित भजन गीतों के साथ सजीव झांकियों की प्रभावी प्रस्तुतियों को देख सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भावबिभोर होकर नाचते झूमते और देवी भक्ति मय बने रहे। देर रात्रि तक शांतिपूर्ण चले देवी जागरण कार्यक्रम में महेश्वर के अलावा अन्य ग्रामों से आए देवी भक्त श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति बनी रही।

दीप सज्जा प्रतियोगिता में सिद्धि सेन ने मारी बाजी, मिला प्रथम पुरस्कार



हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

सांची विकासखंड के ग्राम अंबाडी स्थित श्री राम जानकी मंदिर अयोध्या धाम में शारदीय नवरात्र के अवसर पर महाआरती के दौरान दीप सज्जा प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें क्षेत्र के विभिन्न गांवों की कन्याओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कन्याएं आकर्षक ढंग से सजाए गए दीप लेकर पहुंचीं। प्रतियोगिता में एक से बढ़कर एक सजे दीपों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। प्रतियोगिता में अंबाडी की सिद्धि सेन, पुत्री अरुण सेन ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 1100 रुपए का पुरस्कार जीता। वहीं पलक साहू, पुत्री राकेश साहू ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर 551 रुपए और महक कुशवाह, पुत्री अनिल कुशवाह ने तृतीय स्थान प्राप्त कर 251 रुपए का पुरस्कार अपने नाम किया। महाआरती के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी और चारों ओर माता रानी के जयकारे गूंजते रहे। कार्यक्रम के समापन पर देर रात तक श्रद्धालुओं को महाप्रसादी का वितरण किया गया। पुरस्कार वितरण में दीवानगंज चौकी प्रभारी सुनील शर्मा और गजेंद्र चौकसे ने पुरस्कार वितरण किया।

जिम्मेदार विभाग नहीं कर रहा कार्रवाई

सेहत से खिलवाड़: मिठाईयों पर नहीं लगे एक्सपायरी स्टिकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन



त्यौहारों के सीजन में शहर में मिठाई की दुकनों पर जमकर मिठाईयों की बिक्री जारी है। विभिन्न प्रकार की मिठाईयां दुकानों पर देखी जा सकती है, परन्तु इन मिठाईयों पर न तो एक्सपायरी दिनांक के स्टिकर लगाए गए है और न ही उन्हें प्रदूषण से बचाने के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए है। जिससे उपभोक्ताओं की सेहत के साथ खुलेआम खिलवाड़ किया जा रहा है। संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा समय समय पर जांच की खानापूर्ति कर दुकानदार को क्लीन चिट दी जाती है। जबकि नियमों के मुताबिक दुकानों में रखी मिठाई कब बनी और कब तक सही रहेगी, उसकी एक्सपायरी डेट होना अनिवार्य है तथा खुले में बिकने वाली मिठाईयों पर पूर्णतः प्रतिबंध किया गया है।

हालांकि खुले में बिकने वाली मिठाई आपके जीवन को फीका कर सकती है, इसके लिए सरकार ने मिठाई दुकानदारों के लिए नियम बनाए थे। इसके तहत मिठाई बेचने वाली दुकानों पर मिठाई पर एक्सपायरी डेट लिखनी होगी। साथ ही यह भी लिखना होगा कि मिठाई कब बनी और कब एक्सपायर होगी, जिससे पता चल सके कि उपभोक्ता जो मिठाई खरीद रहा है, वह खाने योग्य है भी या नहीं, लेकिन सरकार का ये नियम शहर में हवा हवाई ही साबित हो रहा है। हरिभूमि टीम ने शहर की दुकानों का जायजा लिया तो अधिकतर दुकानों पर मिठाईओ पर एक्सपायरी डेट के स्टिकर नजर नहीं आए तथा कई दुकानों पर खुले में मिठाईयां बिकती नजर आई।

केंद्र सरकार ने नियम बनाया है कि दुकानों में हर तरह की मिठाई पर उसके बनने और एक्सपायर होने की तारीख स्टीकर पर जरूर लिखी जाए। दाम भी लिखे होने चाहिए। कुछ दुकानों को छोड़ दिया जाए तो छोटी से लेकर बड़ी दुकानों में मिठाई के साथ एक्सपायरी डेट की जानकारी नहीं रहती। फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने 2020 में प्रावधान किया गया था कि मिठाई की एक्सपायरी डेट लिखना अनिवार्य होगा। व्यापारी एक्सपायरी डेट गलत न लिखें, इसके लिए खाद्य सुरक्षा अधिकारी औचक निरीक्षण करेंगे। तारीख गलत लिखने जैसी शिकायतों की जांच खाद्य पदार्थ के सैंपल टेस्ट से होगी।

इसलिए पालन नहीं: स्टिकर चिपकाने, निकालने की झंझट

छोटे व्यापारी और दुकानदारों का कहना है कि मिठाइयों की एक बड़ी रेंज होती है, जिस पर बार-बार तारीख बदलना मुश्किल होगा। चूंकि दुकान छोटी होती है और कर्मचारी भी नहीं होते। इसलिए हर रोज स्टिकर चिपकाने, निकालने में बहुत समय लगता है।

इनका कहना है...

त्यौहारों के सीजन में मिठाई दुकान संचालकों को मिठाई ट्रे में स्टीकर लगाने को निर्देशित किया जाएगा। जांच पड़ताल के दौरान मिठाई से स्टीकर गायब मिले तो लापरवाह स्वीट व्यापारियों के विरुद्ध जुर्माने की कार्रवाई होगी।

कल्पना अर्शिया, जिला फूड अधिकारी